प्रकाशनार्थ

बक्सर. 25 मई. विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित जागरूकता अभियानों की श्रृंखला के तहत पटना के ईआईएसीपी-आद्री द्वारा बक्सर के प्राथमिक विद्यालय, पंडितपुर एवं कन्या प्राथमिक विद्यालय, बड़ी बसौली में **अपशिष्ट कम करें** विषय पर 23 मई (शनिवार) को जागरूकता कार्यक्रम एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ईआईएसीपी भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा समर्थित है तथा पटना-स्तिथ एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टीट्यूट (आद्री) द्वारा संचालित किया जाता है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच अपशिष्ट कम करने, पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था। **अपशिष्ट कम करो और प्रकृति बचाओ** विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कचरे के प्रति लोगों का व्यवहार; एकल-उपयोग प्लास्टिक का कम, पुनः उपयोग और उसका पुनर्चक्रण के साथ-साथ प्रकृति के संरक्षण से संबंधित आकर्षक चित्र बनाए। कार्यक्रम में लगभग 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इसके साथ ही सतत जीवनशैली, कचरा कम करने एवं मिशन लाइफ से संबंधित जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

(अभिषेक प्रसाद)